1.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है जनवरी में जीएसटी कलेक्शन। यह लगातार तीसरा महीना है, जब जीएसटी कलेक्शन एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा है।

www.jagran.com राष्ट्रीय संस्करण
दैनिक जागरण
रविवार 2 फरवरी 2020

न्यूज गैलरी

प्रमोद अग्रवाल ने कोल इंडिया के अध्यक्ष का पदभार संभाला

प्रमोद अग्रवाल। फाइल

कोलकाता : वरिष्ठ आइएएस अधिकारी प्रमोद अग्रवाल ने शनिवार को कोल इंडिया लिमिटेड के नए अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का पदभार संभाल लिया। 31 जनवरी को एके झा के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने पदभार संभाला है। अग्रवाल कोल इंडिया के 28वें अध्यक्ष बने हैं। 1991 बैच के आइएएस अधिकारी अग्रवाल इससे पहले मध्य प्रदेश में शहरी विकास और आवास विभाग के प्रमुख सचिव थे। केंद्र सरकार ने पिछले साल अगस्त में कोल इंडिया के चेयरमैन पद के लिए कई वरिष्ठ अधिकारियों के साक्षात्कार के बाद सबसे योग्य उम्मीदवार के तौर पर अग्रवाल के नाम पर मुहर लगाई थी। (जासं)

जवाहरलाल नेहरू विवि में कल तक ही होगा पंजीकरण

नई दिल्ली : जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में शीतकालीन सेमेस्टर के लिए छात्रावास के पुराने शुल्क के आधार पर सोमवार तक पंजीकरण कराने का समय है। जेएनयू प्रशासन की तरफ से 27 जनवरी को दिल्ली हाई कोर्ट के 24 जनवरी के निर्देश के बाद परिपत्र जारी किया गया था, जिसमें 3 फरवरी तक छात्रों को छात्रावास के पुराने शुल्क के आधार पर पंजीकरण कराने के लिए कहा गया था। इन सभी छात्रों से विलंब शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। जेएनयू के रजिस्ट्रार प्रो. प्रमोद कुमार ने इस मामले में परिपत्र जारी किया था। अब तक जेएनयू के अधिकतम छात्रों ने पंजीकरण करा लिया है। छात्रों के अनुसार नए सेमेस्टर की कक्षाएं भी जल्द ही शुरू हो जाएंगी। (जासं)

नेशनल हेराल्ड : स्वामी नहीं दे पाए गड़बड़ी के दस्तावेज

नई दिल्ली : नेशनल हेराल्ड मामले में शनिवार को राउज एवेन्यू अदालत में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी से जिरह हुई। इस दौरान स्वामी से पूछा गया कि क्या उनके पास कोई दस्तावेज है, जिससे पता चल सके कि हेराल्ड इमारत से प्रतिमाह आने वाला 60 लाख रुपये किराया एसोसिएट जर्नल लिमिटेड के बजाए यंग इंडिया को जाता है। इस पर उन्होंने कहा कि कोई दस्तावेज नहीं है। आयकर विभाग को दी गई शिकायत की प्रति मांगी गई तो उन्होंने फिलहाल उपलब्ध होने से इन्कार किया। सुनवाई 21 मार्च के लिए टालते हुए उनसे शिकायत की प्रति पेश करने के लिए कहा गया। स्वामी की शिकायत पर अदालत ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मोतीलाल बोरा, ऑस्कर फर्नांडिस, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा तथा यंग इंडिया को बतौर आरोपित समन जारी किया था। इन लोगों ने कोर्ट में पेश होकर जमानत ली थी। (जासं)

नाबालिग बधिर लड़की के यौन शोषण में 15 दोषी करार

चेन्नई : तमिलनाडु में एक नाबालिग बधिर लड़की के यौन शोषण मामले में शनिवार को 15 लोगों को दोषी करार दिया गया। इस मामले में चेन्नई की विशेष अदालत सोमवार को सजा का एलान करेगी। अदालत की जज आरएन मंजुला ने पॉक्सो कानून के तहत 15 आरोपितों को दोषी ठहराया और एक को बरी कर दिया जबकि एक अन्य आरोपित की मामले की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी। नाबालिग बधिर लड़की के यौन शोषण का मामला जुलाई 2018 में सामने आया था। चेन्नई के अयनावरम इलाके में एक अपार्टमेंट कांप्लेक्स में काम करने वाले प्लंबर, नौकर, सुरक्षाकर्मी और लिफ्ट ऑपरेटर समेत 17 लोगों ने लड़की का यौन शोषण किया था। सातवीं में पढ़ने वाली 11 साल की पीड़ित लड़की ने अपनी बड़ी बहन को आपबीती बताई। इसके बाद लड़की के पिता ने 15 जुलाई, 2018 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। (प्रेट्र)

डेढ़ सदी में सबसे गरम रहा बेंगलुरु, 33.4 डिग्री पहुंचा तापमान

बेंगलुरु, प्रेट्र : अपने सुहावने मौसम के लिए विख्यात बेंगलुरु पिछले डेढ़ सदी में गुरुवार को सबसे गरम रहा। शहर में इस दिन रिकॉर्ड 33.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विभाग पिछले करीब 150 साल से तापमान दर्ज कर रहा है।

भारतीय मौसम विभाग की निदेशक गीता अग्निहोत्री ने शनिवार को कहा, 'शहर में 30 जनवरी को सबसे ज्यादा तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।' कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में इससे पहले 21 जनवरी, 2000 को 32.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि गत गुरुवार को बेंगलुरु के एचएएल एयरपोर्ट पर 32.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

जबकि केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 33.6 डिग्री सेल्सियस तापमान था। अग्निहोत्री ने कहा कि मौसम विभाग ने गत नवंबर में ही यह अनुमान जारी किया था कि पूर्व के वर्षों की तुलना में इस साल पूरे देश में गर्मी का मौसम ज्यादा कष्टकारी होगा।

फांसी टालने के खिलाफ केंद्र गया हाई कोर्ट

निर्भया कांड

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली

निर्भया के गुनहगारों की फांसी पर रोक लगाने के पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश के खिलाफ केंद्र सरकार ने शनिवार को हाई कोर्ट में अपील की। अति आवश्यक सुनवाई के लिए दायर इस याचिका पर अदालत का समय पूरा होने के बावजूद पांच बजे सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति सुरेश कैथ ने चारों दोषियों, महानिदेशक तिहाड़ और जेल प्रशासन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। छुट्टी के बावजूद रविवार को अपराह्न तीन बजे सुनवाई होगी।

सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान कहा कि शुक्रवार को दोषियों मुकेश कुमार, विनय शर्मा, पवन गुप्ता और अक्षय सिंह की फांसी पर रोक लगा दी गई। इसके लिए लगाई अर्जी में कोई भी ठोस कारण नहीं दिया गया था। दोषियों ने कानून का गलत इस्तेमाल किया है। वे आनंद की सवारी के लिए कानून प्रक्रिया का इस्तेमाल रहे हैं। ऐसे हथकंडे अपना रहे हैं कि किसी भी तरह यह जघन्य अपराध अप्रभावित हो जाए।

ऐसे तो कभी समाप्त नहीं होगा मामला: मेहता ने कहा कि यह मामला इतिहास में एक के बाद एक जघन्य अपराधों के रूप में सामने आएगा, जहां अपराधियों ने कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग किया है। दुर्भाग्य से सभी कानूनी उपाय समाप्त होने के बाद वे फांसी टालने के लिए कई आवेदन कर रहे हैं। ऐसे तो यह मामला कभी समाप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि दोषियों को अलग-अलग फांसी भी दी जा सकती है। जब एक व्यक्ति को पता चल जाए कि उसकी किस्मत में मौत की सजा है तो ऐसा करने में देरी करना अमानवीय है। उन्होंने कहा कि दोषी अदालत से गुहार लगा रहे हैं कि मानव जीवन अमूल्य है, लेकिन पीड़ित का भी तो जीवन होता है।

अधिकार क्षेत्र से परे जाकर निचली अदालत ने किया फैसला : गृह मंत्रालय की तरफ से दायर याचिका में कहा गया है कि निचली अदालत के न्यायाधीश ने फांसी के वारंट को टालने में अपने अधिकार क्षेत्र से परे जाकर फैसला किया। अदालत ने यह विचार नहीं किया कि दोषियों को एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के जघन्य अपराध का दोषी पाया गया है।

तीन माह में दूसरा मौका जब छुट्टी में लगेगी अदालत: तीन माह में दूसरा मौका है जब छुट्टी के दिन रविवार को हाई कोर्ट में कोई मामला सुना जाएगा। इससे पहले पिछले साल 2 नवंबर को तीस हजारी अदालत में वकीलों और पुलिस के बीच हुए बवाल के बाद अगले दिन रविवार को हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की थी।

प्रतीकात्मक

अक्षय ने लगाई दया याचिका

निर्भया के दोषियों मुकेश और विनय के बाद अब अक्षय ठाकुर ने शनिवार को राष्ट्रपति के पास दया याचिका लगाई है। तिहाड़ जेल के महानिदेशक संदीप गोयल ने यह जानकारी दी।

तिहाड़ प्रशासन ने फांसी के लिए मांगी नई तारीख

केंद्र की याचिका पर नोटिस से पहले तिहाड़ जेल प्रशासन ने पटियाला हाउस अदालत में अपनी रिपोर्ट दाखिल की। रिपोर्ट में बताया गया कि विनय की दया याचिका राष्ट्रपति ने खारिज कर दी है और अक्षय ने याचिका दायर की है। चूंकि मुकेश और विनय की दया याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं, ऐसे में फांसी की नई तारीख तय की जाए। हालांकि इस पर सुनवाई सोमवार के लिए तय की गई है। पटियाला हाउस अदालत ने शुक्रवार को फांसी पर अगले आदेश तक रोक लगाने के साथ ही तिहाड़ जेल प्रशासन से दोषियों की मौजूदा स्थिति पर रिपोर्ट मांगी थी।

राष्ट्रपति ने विनय की दया याचिका की खारिज

नई दिल्ली, प्रेट्र : राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने निर्भया सामूहिक दुष्कर्म एवं हत्या मामले में मृत्युदंड पाने वाले चार दोषियों में शामिल विनय कुमार शर्मा की दया याचिका खारिज कर दी है। विनय ने बुधवार को राष्ट्रपति के सामने दया याचिका दायर की थी। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति ने दया याचिका खारिज कर दी है। कोविंद ने एक अन्य दोषी मुकेश सिंह की दया याचिका भी पिछले महीने खारिज कर दी थी। उल्लेखनीय है कि दक्षिण दिल्ली में 16 दिसंबर, 2012 की रात को एक चलती बस में 23 साल की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म और बर्बरता की गई थी। पीड़िता की सिंगापुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में मुकेश, विनय, अक्षय और पवन को मौत की सजा सुनाई गई है। हालांकि, स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को डेथ वारंट की तामील दूसरी बार टाल दी। इसके बाद निर्भया की मां ने कहा था कि वह अपनी बेटी के सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के दोषियों को फांसी पर लटकाए जाने तक लड़ाई जारी रखेंगी।

शाहीन बाग में धरने के विरोध में चलाई गोली

वारदात ▶ दिल्ली में डेयरी का काम करने वाला युवक गिरफ्तार, सीएए के खिलाफ लंबे समय से चल रहे धरना से था नाराज

आरोपित पर आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और एनआरसी के विरोध में यहां शाहीन बाग में डेढ़ माह से चल रहे धरने के विरोध में शनिवार को एक युवक ने धरना स्थल के समीप गोली चला दी। गनीमत रहा कि कोई प्रदर्शनकारी घायल नहीं हुआ। पुलिस ने आरोपित कपिल गुर्जर (23) को गिरफ्तार कर लिया है। वह दिल्ली के दल्लूपुरा गांव का रहने वाला है और गाजीपुर में दूध की डेयरी चलाता है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है।

दक्षिणी-पूर्वी दिल्ली जिले के पुलिस उपायुक्त चिन्मय बिश्वाल ने बताया कि कपिल शनिवार शाम 4.55 बजे अपनी हुंडई सेंट्रो कार से धरना स्थल पर पहुंचा था। कार पुलिस बैरिकेड के पास खड़ी कर पैदल ही धरनास्थल तक पहुंचा। करीब 15 मीटर की दूरी पर करीब 10 मिनट खड़ा रहा। इसके बाद धरने के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। वह शाहीन बाग खाली करो, दिल्ली बंधक नहीं बनेगी... के नारे लगाता हुआ आगे बढ़ा। कुछ युवकों ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने तमंचा निकाला और हवा में गोली चला दी। हालांकि इस दौरान वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया, जिसके बाद उसे सरिता विहार थाने लाकर पूछताछ की गई। उधर, गोली की आवाज सुनकर मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और लोग धरने के विरोध में नारेबाजी करने लगे। कपिल ने पुलिस को बताया कि वह इस इलाके में दूध सप्लाई करता है। शाहीन बाग धरने के कारण अब वह दूध की सप्लाई नहीं कर पा रहा है। धरने के कारण लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं। इन्हीं सब बातों से वह परेशान था। उसने कहा कि यह धरना तुरंत समाप्त किया जाना चाहिए।

'देश में सिर्फ हिंदुओं की चलेगी' के नारे लगाए: कपिल ने हिरासत में लेने के बाद तेज-तेज नारे लगाने शुरू कर दिए। वह नारे लगा रहा था- देश में सिर्फ हिंदुओं की चलेगी और किसी की नहीं।

नई दिल्ली में शनिवार को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोध में शाहीन बाग में चल रहे धरने के समीप गोली चलाने का आरोपित (मध्य में) पुलिस की गिरफ्त में। एएनआइ

सरकार शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों से बातचीत के लिए तैयार : रविशंकर

- **सीएए के खिलाफ 40 दिनों से धरने पर हैं शाहीन बाग के प्रदर्शनकारी**
- **नियमानुसार अनुरोध होने के बाद ही केंद्र सरकार करेगी बातचीत**

नई दिल्ली, प्रेट्र : कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कहा कि सरकार नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों के संदेहों को दूर करने के लिए बातचीत को तैयार है। लेकिन, यह नियमों के दायरे में होना चाहिए। यह संभवतः पहली बार है, जब किसी केंद्रीय मंत्री ने शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने की इच्छा जताई है। शाहीन बाग में प्रदर्शनकारी सीएए के खिलाफ पिछले 40 दिनों से धरने पर हैं। प्रसाद ने ट्विटर पर कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार प्रदर्शनकारियों से संवाद कर सीएए को लेकर उनके सारे संदेहों को दूर करने के लिए तैयार है।

उन्होंने टीवी चर्चा का लिंक भी साझा किया, जिसमें उन्होंने हिस्सा लिया था। इस चर्चा में प्रदर्शन से जुड़े एक व्यक्ति ने मंत्री से पूछा था कि केंद्र सरकार शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने की कोशिश क्यों नहीं कर रही है? प्रसाद ने कहा कि यह अच्छी बात है कि लोग कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन, कुछ लोगों को टेलीविजन पर कहते हुए सुना गया कि सीएए वापस लिए जाने तक कोई बातचीत नहीं होगी।

प्रसाद ने कहा कि अगर आप चाहते हैं कि सरकार का कोई प्रतिनिधि बात करे, तो शाहीन बाग से नियमानुसार अनुरोध होना चाहिए, जो कहे कि वहां के सभी लोग इस विषय पर बात करना चाहते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शाहीन बाग बातचीत करने की जगह नहीं है। प्रसाद ने कहा कि मान लीजिए कोई वहां गया और उसके साथ दुर्व्यवहार हो गया तो? दक्षिण-पूर्वी दिल्ली का शाहीन बाग प्रदर्शन स्थल भाजपा के चुनाव अभियान का अहम मुद्दा है।

बिहार में विसर्जन जुलूस पर पथराव, जदयू प्रखंड अध्यक्ष की मौत

जागरण टीम, शेखपुरा : बिहार के शेखपुरा स्थित सनैया गांव में शनिवार को विसर्जन जुलूस में दो गुटों में जमकर पथराव व गोलीबारी हुई। पथराव में गंभीर रूप से घायल जदयू प्रखंड अध्यक्ष अमित विश्वास उर्फ नंद किशोर कुशवाहा (50) की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। जख्मी लोगों ने बताया कि विसर्जन के दौरान एक गुट के लोगों द्वारा छत से पथराव शुरू कर दिया गया, जिससे कई लोग जख्मी हो गए। इस बीच फायरिंग भी की गई। पथराव में गंभीर रूप से जख्मी नंदकिशोर की अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही मौत हो गई। वहीं, घायल आधा दर्जन लोगों का इलाज चल रहा है। घायलों में मिंटू महतो, शुभम कुमार, असलम, आशिक इत्यादि शामिल है। इसमें गंभीर रूप से जख्मी मंटू महतो और असलम को पटना रेफर किया गया है। दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस आशिक सहित एक अन्य युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

शेखपुरा के पुलिस अधीक्षक दयाशंकर ने बताया कि विसर्जन जुलूस में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई है। बड़ी संख्या में पुलिस बल को मौके पर तैनात कर दिया गया है। पुलिस द्वारा दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। कुछ लोग घायल हुए हैं जबकि एक व्यक्ति की मौत हो गयी है।

हास्य कलाकार कुणाल कामरा ने इंडिगो को कानूनी नोटिस भेजा

नई दिल्ली, प्रेट्र: मुंबई-लखनऊ फ्लाइट में एक पत्रकार को कथित तौर पर परेशान करने के आरोप पर छह महीने की विमान यात्रा पर रोक लगाए जाने पर हास्य कलाकार कुणाल कामरा ने इंडिगो एयरलाइन को कानूनी नोटिस भेजा है। कामरा ने भेजे गए नोटिस में एक सप्ताह के भीतर एयरलाइन से उन पर लगे छह महीने के यात्रा प्रतिबंध को हटाने और बिना शर्त माफी मांगने व इसके साथ ही 25 लाख रुपये के हर्जाने की मांग की है।

एयरलाइन को शुक्रवार को भेजे नोटिस में कामरा के वकील प्रशांत शिवराजन ने एयरलाइन से कहा, 'उनके मुवक्किल को मानसिक पीड़ा' पहुंचाने के साथ ही देश-विदेश में उनके प्रस्तावित कार्यक्रम रद होने से काफी नुकसान हुआ है।

इसकी भरपाई के लिए उन्हें 25 लाख रुपये के हर्जाने का भुगतान किया जाए। एयरलाइन की यह कार्रवाई पूरी तरह से अवैध, मनमानी और डीजीसीए सीएआर (नियमों) के खिलाफ है। इस संबंध में इंडिगो ने कहा है वह किसी भी नोटिस का जवाब देने को पूरी तरह तैयार है।

कश्मीर में 30 आतंकियों को पहुंचा चुका है ट्रक चालक

नगरोटा आतंकी हमला

जागरण संवाददात, जम्मू

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगरोटा स्थित बन टोल प्लाजा पर आतंकी हमले के दौरान पकड़ा गया ओवरग्राउंड वर्कर एवं ट्रक चालक समीर अहमद डार अब तक 30 आतंकियों को कश्मीर पहुंचा चुका है। शनिवार को पूछताछ में उसने यह बात कबूल की है। उसके साथ पकड़े गए अन्य दो ओवरग्राउंड वर्करों ने भी पूछताछ में बड़ा पर्दाफाश किया है।

दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के काकपोरा में रहने वाले वाले समीर डार बताया कि वह इससे पहले भी जम्मू से करीब 30 आतंकवादियों को बॉर्डर इलाकों से कश्मीर पहुंचा चुका है। व्यापार की आड़ में कश्मीर के कुछ ट्रांसपोर्टर विभिन्न आतंकवादी संगठनों के लिए हथियार और गोलाबारूद सहित आतंकवादियों को ढोने का काम कर रहे हैं। जम्मू संभाग के पुंछ के चक्का द बाग और उड़ी-मुज्जफराबाद सीमा पार ट्रेड के दौरान भी हथियार, गोलाबारूद और मादक पदार्थों की तस्करी की आड़ में होती थी, लेकिन क्रॉस एलओसी ट्रेड के पिछले कुछ माह से बंद है।

पुलवामा पहुंचाना था आतंकियों को : ओजीडब्ल्यू ने यह भी बताया कि कश्मीर में आतंकियों के हितैषियों का एक बड़ा नेटवर्क सक्रिय है। इस नेटवर्क के कहने पर मुझे यह टास्क मिला था कि जम्मू पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग से आतंकवादियों को कश्मीर में पहुंचाना है। सीमा पार कर आए जैश के तीनों कमांडरों को दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में पहुचाना है। हैंडलर ने यह भी निर्देश दिए थे कि अगर जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रास्ते में कहीं चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर भी भारी मात्रा में खूनखराबा किया जाए।

तीनों ओजीडब्ल्यू को पूछताछ के लिए एसओजी और एनआइए की टीम हीरानगर के तरनाह और सांबा सेक्टर के बंसतर नालों से सटे इलाकों में ले गई। इन्होंने कबूला था कि वे हीरानगर सेक्टर के तरनाह नाले के रास्ते घुसपैठ की थी।

नोएडा में हल्दीराम की फैक्ट्री में अमोनिया गैस का रिसाव, एक की मौत

जागरण संवाददाता, नोएडा : सेक्टर 65 स्थित हल्दीराम की फैक्ट्री में शनिवार दोपहर अमोनिया गैस की पाइप लाइन फट गई। हादसे में एक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि छह से अधिक कर्मचारियों की स्थिति बिगड़ गई। उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। वहीं आसपास के क्षेत्र में गैस फैलने से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई। पाइप लाइन बंद करने के बाद तीन घंटे से अधिक समय तक दकमल कर्मचारियों ने पानी का छिड़काव कर स्थिति पर काबू पाया। राहत व बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया।

पुलिस के अनुसार सेक्टर-65 के ए ब्लाक में हल्दीराम की फैक्ट्री है। शनिवार को अवकाश होने की वजह से कर्मचारियों की संख्या काफी कम थी। दोपहर करीब 12 बजे अचानक बिल्डिंग के एक ब्लाक में अमोनिया गैस की पाइप लाइन फट गई। कोतवाली प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि हादसे में मुरलीपुर मेरठ निवासी संजीव कुमार की मौत हुई है। संजीव फैक्ट्री की इस यूनिट में अमोनिया प्लांट ऑपरेटर थे।

हजार करोड़ के घपले में पूर्व सीजेआइ के नाम पर भी हड़पे थे 31 लाख

नईदुनिया, बिलासपुर

छत्तीसगढ़ का घोटाला

- **नेशनल सेमिनार में छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए थे वरिष्ठ न्यायाधीश अल्तमस कबीर**

छत्तीसगढ़ में समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों की शह पर कागजी संस्था के नाम पर एक हजार करोड़ रुपये के घपले में नई जानकारियां सामने आने लगी हैं। हाई कोर्ट ने इस मामले में सीबीआइ को सात आइएएस अधिकारियों समेत 12 अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने घपले में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायधीश अल्तमस कबीर के वाहन में पेट्रोल के नाम पर भी 31 लाख रुपये की फर्जी बिलिंग की।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि अल्तमस कबीर नौ सितंबर 2011 में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में नेशनल सेमिनार में शामिल होने आए थे। वाहन व्यवस्था की जिम्मेदारी समाज कल्याण विभाग को सौंपी गई थी। इसकी आड़ में 31 लाख रुपये का फर्जी बिल लगाया गया। दरअसल, अधिकारियों ने 2004 में समाज कल्याण विभाग की शाखा फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर नाम से कागज में ही प्रदेशभर में इसे स्थापित किया और हर शाखा में 18 से 20 कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी। ये ऐसे कर्मचारी हैं जो विभाग की विभिन्न शाखाओं में पहले से कार्यरत हैं। इसके अलावा इन शाखाओं में लाखों रुपये की मशीन की भी खरीद होने की पुष्टि हुई है। साथ ही इन मशीनों की मरम्मत के नाम पर भी लाखों रुपये खर्च किए गए हैं।

आरोपित को ही बनाया केस का ओएसडी : हाई कोर्ट के निर्देश पर जिन अधिकारियों के खिलाफ जांच के लिए कहा गया उनमें समाज कल्याण विभाग के एडिशनल डायरेक्टर पंकज वर्मा का नाम भी शामिल है। पिछली सरकार ने मामले के आरोपित पंकज को ही इस केस का ओएसडी बना दिया। पंकज वर्मा ने हाई कोर्ट से जवाब देने के लिए समय मांगा था।

ऐसे दिया घोटाले को अंजाम : राज्य के एक दर्जन आला अफसरों ने 16 साल के भीतर एक हजार करोड़ के घोटाले को अंजाम दिया है। अफसरों ने पहले कागजों में पीआरसीसी सेंटर का निर्माण किया। इसके बाद फर्जी तरीके से कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी। उन्हीं कर्मचारियों को अपने सेंटर में काम करना बताया जो राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में निचले दर्जे के छोटे पदों पर काम कर रहे हैं। ऐसे ही एक कर्मचारी कुंदन सिंह जो रायपुर स्थित मठपुरैना स्वावलंबन केंद्र में संविदा नियुक्ति पर काम कर रहा था, जिसे अफसरों ने अपनी संस्था में ग्रेड 2 का कर्मचारी बताकर हर महीने इनके नाम से वेतन का आहरण कर रहे थे।

तत्कालीन मुख्य सचिव ने माना था हुई है गड़बड़ी

मामले में सुनवाई के दौरान तत्कालीन मुख्य सचिव अजय सिंह ने बीते साल हाई कोर्ट में 500 पन्ने की जांच रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें उन्होंने स्वीकार किया था कि इस मामले में लगभग 150-200 करोड़ रुपये की गड़बड़ी हुई है। मुख्य सचिव ने यह भी कहा है कि चार करोड़ रुपये समाज कल्याण के अफसरों ने बिना अनुमोदन लिए निजी लोगों के खातों में ट्रांसफर कर दिया।

सूरज कुंड मेला

राष्ट्रपति ने सूरजकुंड में 34वें अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का किया शुभारंभ

हस्तशिल्प को बढ़ावा देने की दिशा में काम करें : कोविंद

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को 34वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि हस्तशिल्पियों को बढ़ावा देने की दिशा में काम करें, यह उज्ज्वल कल के लिए आवश्यक है। यह मेला 16 दिन तक चलेगा।

मेला चौपाल पर आयोजित उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि सूरजकुंड मेला देश-विदेश के हस्तशिल्पियों की कला-कौशल, प्रतिभा और उद्यमशीलता के प्रदर्शन का एक स्थापित मंच बन गया है। यह वास्तव में भारत के हस्तशिल्प, हथकरघा और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की विविधता को उपयोगी व रोचक तरीके से प्रदर्शित करता है और अब यह पूरी दुनिया के पर्यटकों व शिल्पियों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पारंपरिक उल्लास के प्रतीक तो हैं ही, इनका हमारी अर्थव्यवस्था से भी गहरा संबंध रखते हैं, क्योंकि ऐसे मेलों में शिल्पकारों और कारीगरों को अपने हुनर की वास्तविक पहचान और कीमत मिल पाती है। मेले में भारत के गांवों की खुशबू और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के विविध रंग, यहां आने वालों को हमेशा आकर्षित करते रहेंगे। उन्होंने पार्टनर कंट्री उज्बेकिस्तान के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि हमारी भौगोलिक सीमा भले ही नहीं मिलती लेकिन हमारे बीच दिलों के रिश्ते हमेशा से रहे हैं और आशा है कि भविष्य में भी यह और अधिक सुदृढ़ होंगे। यह मेला भारत व उज्बेकिस्तान के लोगों के बीच संस्कृति, कला एवं कृषि के क्षेत्र में मजबूत साझेदारी प्रस्तुत करेगा। उन्होंने थीम स्टेट हिमाचल के बारे में कहा कि यह भले ही छोटा प्रदेश हो, पर यहां सौंदर्य भरा हुआ है और हिमाचल के लोगों का दिल बड़ा है।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता हरियाणा के राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने की। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद थे। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि पड़ोसी राज्य होने के नाते सांस्कृतिक दृष्टि से हरियाणा व हिमाचल प्रदेश में काफी समानताएं हैं। हस्तकलाओं व कलाओं को प्रदर्शित करने का अवसर हिमाचल प्रदेश के लोगों को मिला है। पार्टनर कंट्री उज्बेकिस्तान के राजदूत फरहाद अरजेव ने कहा कि भारत व उज्बेकिस्तान के लोग इतिहास व संस्कृति के माध्यम से वर्षों से जुड़े रहे हैं और सिल्क रूट के माध्यम से भारत से व्यापारिक संबंध भी रहे हैं। इस बार सूरजकुंड मेले में से जुड़ने का सौभाग्य मिला है, इससे दोनों देशों के लोगों को शिल्प व कला की दृष्टि से जोड़ने में मदद मिलेगी।

फरीदाबाद में शनिवार को 34वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद। साथ में हैं हरियाणा के राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य (बाएं से चौथे), मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर (बाएं से तीसरे) और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर (बाएं से दूसरे)। जागरण

- **कहा- यह मेला भारत व उज्बेकिस्तान के लोगों के बीच संस्कृति, कला एवं कृषि के क्षेत्र में मजबूत साझेदारी प्रस्तुत करेगा**

मौसम विशेष



दिल्ली सहित मैदानी भागों में शुष्क मौसम रहेगा। ठंडी सुबह में कोहरा व कुहासा रहेगा। दिन चमकीली धूप के साथ सुहावना रहेगा। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख व हिमाचल प्रदेश में आंशिक बादलों के साथ शुष्क मौसम जारी रहेगा। रात के तापमान में गिरावट होगी।

भारत के मुख्य शहरों का तापमान:

शहर		शहर	
मुम्बई	29/16/व	अहमदाबाद	28/12/व
कोलकाता	24/12/आंबा बड़ोदा		30/09/सा
चेन्नई	29/22/आंबा नागपुर		24/13/व
हैदराबाद	31/19/आंबा इन्दौर		25/12/सा
बंगलूरु	32/17/सा	रांची	23/08/सा
त्रिवेन्द्रम	33/23/सा	पटना	23/08/सा
गुवाहाटी	24/14/व	जमशेदपुर	25/12/आंबा
गंगटोक	11/05/सा	पुणे	30/18/आंबा